एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NHPC Limited
(A Govt. of India Enterprise)

फोन/Phone: 0129-2278018

संदर्भ सं./Ref. No. **NH/CS/199**

दिनांक/Date: 14.07.2023

| | |
|---|---|
| Manager/ मैनेजर,<br>Listing Department/ लिस्टिंग विभाग,<br>**M/s BSE Limited/ बीएसई लिमिटेड,**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street/ पि.जे. टावर्स,दलालस्ट्रीट<br>Mumbai/ मुंबई -400 001<br>**Scrip Code: 533098** | General Manager/ महाप्रबंधक,<br>Listing Department/ लिस्टिंग विभाग,<br>**M/s National Stock Exchange of India Limited/ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड,**<br>Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex/ एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,<br>Bandra (E)/ बांद्रा (ई), Mumbai/ मुंबई - 400 051<br>**Scrip Code: NHPC** |

**ISIN No. INE848E01016**

**Sub: Advertisement in Newspaper regarding transfer of equity shares to IEPF Authority.**

विषय: आईईपीएफ प्राधिकरण में इक्विटि शेयर्स का अंतरण के संबंध मे समाचार पत्र में विज्ञापन

Sir/ महोदय,

Please find enclosed herewith copy of newspaper advertisement for notice to equity shareholders regarding transfer of equity shares to Investor Education and Protection Fund (IEPF) Authority, published in the Financial Express (English edition) and Jansatta (Hindi edition) on Friday, 14th July, 2023.

This is for your information and record.

फायनेंशियल एक्सप्रेस (अंग्रेजी संस्करण) और जनसत्ता (हिंदी संस्करण) में शुक्रवार,14 जुलाई,2023 को प्रकाशित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण को इक्विटी शेयरों के अंतरण के संबंध में इक्विटी शेयरधारकों को नोटिस के लिए प्रकाशित समाचार पत्र विज्ञापन संलगन प्राप्त करें।

यह आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है।

धन्यवाद |

भवदीय,

RUPA DEB
Digitally signed by RUPA DEB
Date: 2023.07.14 17:19:18 +05'30'

(रूपा देब)
कंपनी सचिव

संग्लन: उपरोकतानुसार

# NHPC Limited

(A Government of India Enterprise)

**Regd. Office : NHPC Office Complex, Sector- 33, Faridabad, Haryana-121003**
**CIN: L40101HR1975GOI032564**
EPABX No. 0129-2588110/2588500
Website: www.nhpcindia.com E-mail: investorcell@nhpc.nic.in

**NOTICE**

## (For attention of Equity Shareholders of the Company)

### TRANSFER OF EQUITY SHARES OF THE COMPANY TO INVESTOR EDUCATION AND PROTECTION FUND (IEPF)

Pursuant to provisions of Section 124 of the Companies Act, 2013 ("Act") read with Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, ("IEPF Rules"), as amended, notice is hereby given that all the shares in respect of which dividend has not been paid or claimed by the shareholders for seven consecutive years or more, shall be transferred by the Company in the name of IEPF Authority.

In compliance to requirements, as set out in IEPF Rules, the Company through letter dated June 26, 2023 has communicated individually to concerned shareholders whose shares are due for transfer to IEPF latest by November 26, 2023, at their latest available addresses, to claim their unclaimed/unpaid dividends. All the relevant details of such shareholders are uploaded on website of the Company (www.nhpcindia.com) under link Investor Corner→IEPF Details. The details uploaded by Company on its website shall be deemed as adequate notice in respect of transfer of shares to IEPF. It is also to inform that all the benefits accruing on such shares i.e. dividend, bonus shares etc. shall also be transferred to IEPF in compliance to provisions of the IEPF Rules.

In respect of shares for which dividend had remained unclaimed or unpaid for seven consecutive years till March, 2023 had already been transferred to the IEPF Authority. Details of such holders are available on website of the Company at www.nhpcindia.com.

Shareholders are advised to claim the unclaimed dividend amount starting from the year 2015-16 onwards by sending a formal letter mentioning beneficiary account no. or folio no. along with self-attested copy of PAN Card, address proof and latest client master list immediately to Alankit Assignments Ltd., Registrar and Share Transfer Agent of the Company. In case the Company/Registrar & Share Transfer Agent does not receive any communication from the concerned shareholders by 27th October, 2023 or such other date as may be extended, the Company shall with a view to comply requirements set out in IEPF Rules proceed to transfer the shares to IEPF, without any further notice.

The concerned shareholders, holding shares in physical form and whose share are liable to be transferred to IEPF Authority, may note that the Company would be issuing new share certificate(s) in lieu of the original share certificate(s) held by them for the purpose of dematerialisation and transfer of shares to IEPF Authority as per the Rules and upon such issue, the original share certificate(s) which stands registered in their name will stand automatically cancelled and be deemed non-negotiable.

Shareholders may please note that the shares and unclaimed amounts transferred to the IEPF can be claimed back from the IEPF after following the procedure prescribed under IEPF Rules available at www.iepf.gov.in. Please note that no claim shall lie against the Company in respect of unclaimed amount and shares transferred to IEPF pursuant to provisions of said rules.

Please feel free to contact the Company / Alankit Assignments Ltd. in case you have any queries at the following addresses / email / telephone number:

| **NHPC Limited** | **Alankit Assignments Limited** |
|---|---|
| NHPC Office Complex,<br>Sector-33, Faridabad, Haryana-121003<br>Tel: 0129-2250437<br>EPABX No.: 0129-2588110/ 2588500<br>Email: investorcell@nhpc.nic.in<br>Website: www.nhpcindia.com | Alankit House, 4E/2, Jhandewalan Extension, New Delhi -110 055<br>Tel: 011-42541234, 011-23541234,<br>Fax: 011-42541201, 011-23552001<br>Email: alankit.nhpc@alankit.com<br>website: www.alankit.com<br>Toll free no.: 18601212155 |

Pursuant to SEBI Circular dated 16.03.2023, those shareholders whose folio(s) do not have complete KYC details relating to their email IDs, Bank account and PAN details etc , are requested to register/update the same with RTA by sending relevant ISR Forms (available at website of the company, www.nhpcindia.com) at alankit.nhpc@alankit.com on or before October 1, 2023. Folios wherein any of the above document(s)/details are not furnished on or before the said date, shall be frozen by the RTA. Shareholders holding in demat mode are requested to update/ register their aforesaid details through their respective depository participants.

Pursuant to Regulation 40(1) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, request for effecting transfer of securities shall not be processed unless the securities are held in the dematerialised form with a depository. Hence shareholders are requested to dematerialise their physical holding.

For and on behalf of NHPC Limited
Sd/-
(Rupa Deb)
Company Secretary

Dated: July 13, 2023
Place: Faridabad

# एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर–33, फरीदाबाद, हरियाणा–121003
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564
ईपीएबीएक्स सं . 0129–2588110/2588500
वेबसाइट : www.nhpcindia.com ई-मेलः investorcell@nhpc.nic.in

## सूचना

### (कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

### कम्पनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरण

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियम, 2016 ("आईईपीएफ नियम), यथा संशोधित, के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013("अधिनियम") की धारा 124 के प्रावधानों के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि जिन शेयरों के संबंध में लगातार सात या उससे अधिक वर्षों से लाभांश की अदायगी नहीं की गई है या शेयर धारकों द्वारा दावा नहीं किया गया है, उन्हें कंपनी द्वारा आईईपीएफ प्राधिकरण में अन्तरित कर दिया जाएगा।

आईईपीएफ नियम में यथा विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुपालन में कंपनी ने दिनांक 26 जून, 2023 के अपने पत्र के माध्यम से संबंधित शेयरधारकों, जिनके शेयर 26 नवंबर, 2023 तक आईईपीएफ में एतद्द्वारा अंतरण के लिए देय हैं, को उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर सूचित किया हैं कि वे अपने अदावाकृत / अप्रदत्त लाभांशों के लिए दावा प्रस्तुत करें। ऐसे शेयरधारकों से संबंधित विवरण कंपनी की वेबसाइट www.nhpcindia.com ⟶ निवेशक कॉर्नर ⟶ आईईपीएफ विवरण में अपलोड किए गए हैं। कंपनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए विवरण को शेयरों का आईईपीएफ में अंतरण के संबंध में पर्याप्त नोटिस माना जाएगा। यह भी सूचित किया जाता है कि आईईपीएफ नियम के अनुपालन में ऐसे शेयरों पर मिलने वाले सभी लाभ अर्थात् लाभांश, बोनस शेयर आदि को भी आईईपीएफ में अन्तरित किया जाएगा।

जिन शेयरों के लिए मार्च, 2023 तक लगातार सात या इससे अधिक वर्षों तक लाभांश अदावाकृत या अप्रदत्त रहे हैं, उन्हें आईईपीएफ प्राधिकरण में पहले ही अंतरित किया जा चुका है। ऐसे शेयरधारकों का विवरण कंपनी की वेबसाइट www.npcindia.com पर उपलब्ध हैं ।

शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे वर्ष 2015–16 से लेकर अब तक के वर्षों के लिए अदावाकृत लाभांश का दावा प्रस्तुत करने के लिए पैनकार्ड की स्व–प्रमाणित प्रति, पते का प्रमाण और क्लाइंट मास्टर लिस्ट सहित अपना खाता संख्या या फोलियों नम्बर का उल्लेख करते हुए अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट को तुरंत एक औपचारिक पत्र भेजें। यदि कंपनी रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट को 27 अक्तूबर, 2023 या ऐसी अन्य तारीख, जो आगे बढ़ाई जा सकती है, तक संबंधित शेयरधारकों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो कंपनी आईईपीएफ नियमों में दी गई प्रक्रिया के अनुसार बिना अन्य सूचना दिए गए शेयरों को आईईपीएफ में अंतरित करने की कार्रवाई आरंभ कर देगी।

संबंधित शेयरधारक जो भौतिक रूप में शेयर रखते हैं और जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने हैं, वो ध्यान दें कि नियमानुसार इन शेयरों के डीमेटेरियलाइजेशन तथा इन्हें आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित करने के उद्देश्य से कंपनी उनके द्वारा रखे गए मूल शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) के बदले में नया प्रमाणपत्र जारी करेगी। इसके साथ ही शेयरधारकों के नाम पर पंजीकृत मूल प्रमाणपत्र स्वतः रद्द हो जाएंगे और यह बिक्री योग्य नहीं रह जाएंगे।

शेयरधारक कृपया नोट करें कि www.iepf.gov.in पर उपलब्ध आईईपीएफ नियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करने के बाद आईईपीएफ में अन्तरित किए गए शेयरों और अदावाकृत राशियों के लिए आईईपीएफ से इन्हें वापस लेने का दावा किया जा सकता है। कृपया नोट करें कि उक्त नियमों के प्रावधानों के अनुसरण में आईईपीएफ में अंतरित की गई अदावाकृत राशि और शेयरों के संबंध में कंपनी के विरूद्ध कोई दावा नहीं किया जाएगा।

यदि आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं तो निःसंकोच कंपनी / अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड से निम्नलिखित पते / ईमेल / टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| **एनएचपीसी लिमिटेड**<br>एनएचपीसी कार्यालय परिसर,<br>सैक्टर-33, फरीदाबाद, हरियाणा.121003<br>टेलीफोनः 0129-2250437<br>ईपीएबीएक्स नंबरः 0129-2588110/2588500<br>ईमेलः investorcell@nhpc.nic.in<br>वेबसाइटः www.nhpcindia.com | **अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड,**<br>अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन,<br>नई दिल्ली-110055<br>टेलीफोनः 011-42541234, 011-23541234<br>फैक्सः 011-42541201, 011-23552001<br>ईमेलः alankit.nhpc@alankit.com<br>वेबसाइटः www.alankit.com<br>टॉल फ्री नं. : 1860 1212 155 |

सेबी के दिनांक 16.03.2023 के परिपत्र के अनुसार, जिन शेयरधारकों के फ़ोलियो में उनकी ईमेल आईडी, बैंक खाते और पैन विवरण आदि से संबंधित केवाईसी पूर्ण नहीं हैं, उन शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे 01 अक्तूबर, 2023 को या उससे पहले प्रासंगिक आईएसआर फॉर्म (कंपनी की वेबसाइटः www.nhpcindia.com पर उपलब्ध) alankit.nhpc@alankit.com पर भेजकर आरटीए के साथ इसे पंजीकृत / अपडेट करा लें। ऐसे फोलियो जिसमें दस्तावेजों / विवरणों में से कोई भी उक्त तारीख को या उससे पहले प्रस्तुत नहीं किया गया है, उन्हें आरटीए द्वारा फ्रीज कर दिया जाएगा। डीमैट मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपने उपरोक्त विवरणों को अपडेट / पंजीकृत कर लें ।

सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 40 (1) के अनुसरण में, प्रतिभूतियों के हस्तांतरण के अनुरोध पर तब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक कि प्रतिभूतियों को डिपोजिटरी के पास डीमेटेरियलाइज्ड रूप में नहीं रखा जाता है। अतः शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी भौतिक होल्डिंग को डीमेटेरियलाइज करवा लें।

एनएचपीसी लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से

हस्ता./-
(रूपा देब)
कम्पनी सचिव

दिनांकः 13 जुलाई, 2023
स्थान : फरीदाबाद